नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 19/2021
Dt- 07-01-2021

प्रधान सचिव,

जल संसाधन विभाग,

बिहार, पटना।

विषयः– **मधुबनी जिलान्तर्गत कमला बलान नदी के पूर्वी तटबंध से सटे झंझारपुर शहर को बाढ़ से सुरक्षा हेतु शहर सुरक्षा योजना (Town Protection Plan) तैयार कराने के संबंध में।**

महाशय,

मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र झंझारपुर के अन्तर्गत झंझारपुर बाजार कमला बलान नदी से घिरा हुआ है। कमला बलान नदी में आने वाली बाढ़ से यह प्रायः बूरी तरह प्रभावित रहता है। कमला नदी के पूर्वी तटबंध के किनारे एन0एच0–57 से लखनौर प्रखंड के बेहट उत्तरी एवं दक्षिणी पंचायत तक कमला बलान नदी तटबंध से सट कर बह रही है, इसी के मध्य झंझारपुर शहर स्थित है। फलस्वरूप नदी की धारा तेज होने से तटबंध में कहीं न कहीं टुटान हो जाता है, जिसके कारण सम्पूर्ण झंझारपुर शहर बाढ़ की चपेट में आ जाता है। विगत दशकों में अनेक बार भीषण बाढ़ की विभीषका से नगर पंचायत झंझारपुर, बेहट उत्तरी एवं बेहट दक्षिणी पंचायत की लगभग पचास हजार आबादी प्रभावित हुई थी तथा बाजार की आधारभूत संरचनाओं को काफी नुकसान पहुँचा था।

झंझारपुर एवं फुलपरास अनुमंडल का मुख्य बाजार झंझारपुर ही है। नगर पंचायत झंझारपुर में महत्वपूर्ण वाणिज्यिक, व्यापारिक, शैक्षणिक संस्थागत केन्द्रों के अलावा निबंधन कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय, अनुमंडल पुलिस कार्यालय, न्यायालय, थाना, अग्निशमन केन्द्र, बैंक, अस्पताल, रेलवे स्टेशन, विद्यालय एवं महाविद्यालय आदि बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं, जिससे जन–जीवन के साथ–साथ प्रशासनिक व्यवस्था भी प्रभावित होती है। झंझारपुर शहर में मेडिकल कॉलेज के निर्माण हेतु माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा दिनांक 05.06.2020 को शिलान्यास किया गया है तथा निर्माण कार्य प्रगति पर है।

अतएव अनुरोध है कि झंझारपुर शहर को बाढ़ से निजात दिंलाने के लिए ''शहर सुरक्षा योजना'' (Town Protection Plan) तैयार कराने हेतु समुचित कार्रवाई करना चाहेंगे।

नव वर्ष की मंगलकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra
(नीतीश मिश्रा) 7.1.2021

प्रधान सचिव का कोषांग
11 JAN 2021
बिहार, पटना

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com